**Title:** Need to provide central funds for construction of Ganga barrage in Kanpur, Uttar Pradesh.

श्री श्याम बिहारी मिश्र (बिल्हौर) : सभापति महोदय, कानपुर महानगर उत्तर प्रदेश का जनसंख्या के हिसाब से सबसे बड़ा नगर है। यहां पेयजल की समस्या अति गंभीर है। गंगा के तट पर बसा हुआ यह महानगर गंगा के जल से वंचित है क्योंकि गंगा की मुख्य धारा उन्नाव जनपद की ओर चली गई है। इस समस्या के निदान हेतु वर्ष १९९० में गंगा बांध बनाने की योजना विचारार्थ की गई जिसकी सहमति योजना आयोग ने पत्र संख्या एन-११०१६/६१९३ पी.सी. में दी और जिसमें यह छूटें प्रदान की गई थी कि इस योजना का आधा हिस्सा उत्तर प्रदेश सरकार और आधा हिस्सा केन्द्र सरकार देगी। शहरी विकास मंत्रालय ने गंगा बांध निर्माण की कुल लागत २०० करोड़ रुपए निर्धारित की है जिसमें पीने के पानी की सप्लाई पर ९० करोड़ ४० लाख रुपये निर्धारित किये गये हैं। केन्द्र सरकार ने अभी तक ६ करोड़ रुपये दिये हैं जबकि उत्तर प्रदेश सरकार ने ४० करोड़ रुपये प्रदान किये हैं। अब तक उपलब्ध धन का समस्त निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। इस वर्ष के बजट में उत्तर प्रदेश सरकार ने ५० करोड़ रुपये का प्रावधान किया है और उसमें शर्त यह है कि केन्द्र सरकार अपना हिस्सा प्रदान करे।

मैं माननीय शहरी विकास मंत्री जी का ध्यान आकर्षित करते हुए यह अवगत कराना अपना कर्तव्य समझता हूं कि इस संबंध में उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्री जी ने २ अप्रैल, १९९८ को एक पत्र माननीय प्रधान मंत्री जी को भेजा था और उत्तर प्रदेश के नगर विकास अनुभाग की तरफ से भी २२ अप्रैल, १९९८ को एक पत्र भेजा गया था। लेकिन अभी तक इस पर कोई कार्यवाही नहीं हो पाई है और बांध का निर्माण कार्य अधूरा रुका हुआ है।

मैं माननीय प्रधान मंत्री जी और शहरी विकास मंत्री जी से अनुरोध करना चाहता हूं कि केन्द्र सरकार के हिस्से का रुपया अविलम्ब उपलब्ध करायें ताकि कानपुर के गंगा बांध का अधूरा निर्माण कार्य अविलम्ब पूरा हो सके।